Zee News (online)

सीजेआई खेहर ने भारत को बताया अनूठा देश, कहा- जितना बड़ा अपराधी, उतनी ऊपर पहुंच

Last Updated: Saturday, March 18, 2017 - 21:48



प्रधान न्यायाधीश जे एस खेहर ने विधि कार्यकर्ताओं का आह्वाहन किया कि वे 2017 को अपराध पीड़ितों के लिए काम करें. (एएनआई फाइल फोटो)

नयी दिल्ली: देश के प्रधान न्यायाधीश जे एस खेहर ने शनिवार (18 मार्च) को विधि कार्यकर्ताओं का आह्वाहन किया कि वे 2017 को अपराध पीड़ितों के लिए काम करें. उन्होंने दुष्कर्म पीड़ितों या तेजाबी हमले के शिकार अथवा अपने घर के एकमात्र रोजी रोटी कमाने वाले को गंवाने वालों की परिस्थितियों पर हैरानी व्यक्त करते हुये कहा कि अपराधियों की तो आखिरी उपाय तक न्याय के लिये पहुंच होती है.